आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–03 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सशस्त्र बल केवल एक रक्षा ढांचा मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की सुरक्षा की एक मजबूत नीव भी है। हमारे वीर जवान अपनी जान की परवाह किये बिना देश की सेवा में तत्पर रहते हैं, यही कारण है कि वह आम जनमानस के मन में राष्ट्र नायक के रूप में सम्मान प्राप्त करते हैं। मुख्यमंत्री आज लखनऊ में सशस्त्र सैन्य समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की सेना दुनिया की अद्वितीय सेना है, जिसने सदैव अपनी ताकत, अनुशासन और तकनीकी क्षमता का लोहा दुश्मनों को मनवाया है, साथ ही विषम परिस्थितियों में सकारात्मक भूमिका के साथ कार्य करते हुए अपना उत्कृष्टतम प्रदर्शन और सहयोग दिया है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में भारत डायनामिक्स लिमिटेड की ओर से दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्थपित करने की कार्यवाही तेजी से आगे बढ़ रही है। इन परियोजनाओं से देश की सैन्य शक्ति मजबूत होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी बल मिलेगा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मैनपुरी के बरनाहल स्थित ए.के. इण्टर कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में पौने चार सौ करोड़ रूपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार रोजगार मेले के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही है। आज प्रदेश में कोई गुण्डागर्दी नहीं कर सकता और महिलाओं पर अत्याचार करने की कोई भी हिम्मत नहीं जुटा सकता है। श्री योगी ने प्रदेश में बीते वर्षों में बढ़े निवेश की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार राज्य को निवेश का हब बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। निवेश बढ़ने से ही उत्तर प्रदेश आज देश में दूसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बन गया है। इसे पहले स्थान पर ले जाने के लिये निरन्तर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज हमारे धर्मस्थलों का वैभव लौट रहा है। त्यौहारों की परम्परा भी सरकार सम्पूर्णता के साथ आगे बढ़ा रही है।

****

उत्तर प्रदेश सरकार ने ड्यूटी से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने और काम में लापरवाही बरतने के आरोप में राज्य चिकित्सा सेवा के छब्बीस डॉक्टरों को बर्खास्त करने का फैसला किया है। सरकार ने कई चिकित्सा अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने का भी निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जो राज्य के स्वास्थ्य मंत्री भी हैं, उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी चिकित्सा अधिकारी पूरी लगन से आम जनता को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन इनमें से कई चिकित्सा अधिकारी ऐसे भी हैं जो अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं।

****

उत्तर प्रदेश सरकार ने बच्चों पर भेडियों के हमलों की आशंका वाले क्षेत्रों में वन विभाग के अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए हैं। भेड़ियों के हमले वाले क्षेत्रों में दस और टीमें तैनात की गई हैं। राज्य के वन मंत्री अरूण सक्सेना ने आज पीलीभीत और लखीमपुर खीरी में प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे लेकर एक दिन पूर्व विभागीय मंत्री और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में उन्होंने मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने, स्थिति की निगरानी करने और घटनाओं के बढ़ने के कारण पर मंथन करने के निर्देश दिये थे।

****

वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत अब तक बावन करोड़ से अधिक पौधे लगाये जा चुके हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि यह अभियान एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की थी।

****

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा दो हजार पच्चीस के लिये पंजीकरण की अन्तिम तिथि पांच सितम्बर है। इस तिथि तक छात्र–छात्राओं के शैक्षिक विवरण यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये जा सकेंगे।

****

आगामी बाइस सितंबर को अयोध्या से स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द के नेतृत्व में ध्वज प्रतिष्ठा भारत यात्रा की शुरूआत होगी। स्वामी जी के प्रतिनिधि और यात्रा के संयोजक मुकुन्दानन्द ने बताया कि छब्बीस अक्टूबर तक चलने वाली ये यात्रा संपूर्ण भारत के अलग–अलग राज्यों के राजधानी में जाएगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलवाना है।

****

पेरिस में चल रहे पैरालंपिक खेलों में प्रदेश की आईएएस अधिकारी सुभाष एल यतिराज ने बैडमिंटन की एकल स्पर्धा में रजत पदक जीता है। उनकी सफलता पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

****

प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में आसमान में छिटपुट बादल छाये हुए हैं और कुछ स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। बादलों के बीच से निकल रही धूप से कई स्थानों पर उमस भरी गर्मी भी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार गोरखपुर सहित कई पूर्वी जिलों में बादलों के छाये रहने और रूक–रूक कर वर्षा होने का क्रम जारी रहेगा।

****